सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 51 | इंदौर, बुधवार 03 सितंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## गणेश विसर्जन जुलूस में बड़ा हादसा... डांस करते लोगों पर चढ़ा लोडर, किन्नर की गई जान, 6 लोग घायल

**कानपुर, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के कानपुर में किन्नरों के गणेश मूर्ति विसर्जन जुलूस में मंगलवार की रात को हादसा हो गया. यहां जुलूस में शामिल एक लोडर की स्पीड अचानक बढ़ गई जिससे जुलूस में आगे डांस कर रहे किन्नर और लोगों पर लोडर चढ़ गया. यहां एक किन्नर की मौत हो गई जबकि दो बच्चों समेत 6 लोग घायल हो गए. दरअसल, कल्याणपुर इलाके में किन्नर मन्नत मां ने अपने घर में गणेश प्रतिमा स्थापित की थी. मंगलवार की रात को गणेश विसर्जन का कार्यक्रम रखा गया था. उनके किन्नरों के साथ-साथ मोहल्ले की महिलाएं, बच्चे और पड़ोसी भी शामिल थे. मूर्ति विसर्जन के लिए दो लोडर मंगाए गए थे. मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम पनकी में नहर में होना था. प्रतिमा को ले जा रहे एक लोडर की स्पीड अचानक बढ़ने से आगे नाच रहे लोगों पर लोडर चढ़ गया जिसमें रानी देवी बुरी तरह घायल हो गईं. अस्पताल ले जाने में उसकी मौत हो गई जबकि चार अन्य महिलाएं भी घायल हो गईं.

## छत्तीसगढ़ में श्रद्धालुओं को कुचलती चली गई गाड़ी, 3 की मौत और 22 जख्मी

**जसपुर, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ में जशपुर जिले के बगीचा में गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान एक वाहन की चपेट में आने से एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई और करीब 22 लोग घायल हो गए। हादसा बगीचा चरईडांड स्टेट हाईवे पर मंगलवार देर रात करीब 12 बजे हुआ। एक बोलेरो अनियंत्रित होकर श्रद्धालुओं को कुचलती चली गई। प्रत्यक्षदर्शी केशव यादव ने बताया कि बोलेरो रायकेरा की ओर से आ रही थी। लगभग डेढ़ सौ लोग विसर्जन जुलूस में शामिल थे। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और पूरे इलाके में अफरा तफरी का माहौल व्याप्त हो गया। आक्रोशित भीड़ ने चालक को मौके पर जमकर पिटाई कर दी जबकि बोलेरो में सवार अन्य लोग मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही जनपद उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता जनप्रतिनिधि शंकर गुप्ता और बगीचा एसडीओपी दिलीप कोसले व पुलिस की टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और मिलकर बचाव कार्य में जुट गए। कुछ घायलों को गांव के अन्य लोगों ने अपनी सुविधा से इलाज के लिए रवाना किया। घायलों को तत्काल 108 की मदद से बगीचा अस्पताल लाया गया। कांसाबेल,कुनकुरी, सन्ना समेत जिलों के अन्य अस्पतालों से 108 संजीवनी बुलाया गया और तत्काल घायलों को रेफर किया गया। एसडीओपी दिलीप कोसले, एसडीएम प्रदीप राठिया, तहसीलदार महेश्वर उइके और पुलिस बल मौके पर पहुंचकर राहत-बचाव में सक्रिय रहे, वहीं देर रात एक बजे एसएसपी शशि मोहन सिंह ने भी अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने बताया कि हादसे में लगभग दो दर्जन लोग घायल हुए हैं।

### सिंहस्थ-2028 की तैयारियां तेज

## 2675 करोड़ के 33 कार्यों को मंजूरी,CM बोले-

# दिसं 2027 तक पूरे हो निर्माण कार्य

**भोपाल , एजेंसी)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में सिंहस्थ की तैयारियों को लेकर मंत्रिमंडलीय समिति की मंत्रालय में मंगलवार को बैठक हुई। इसमें सिंहस्थ-2028 की तैयारियों की समीक्षाकी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निर्देश दिए हैं कि सिंहस्थ-2028 से जुड़े सभी निर्माण एवं विकास कार्य दिसम्बर 2027 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने कहा कि यह महापर्व करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था और सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ा है, इसलिए प्रत्येक कार्य समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता का होना चाहिए। डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 न सिर्फ धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से, बल्कि प्रदेश की पहचान और गौरव का प्रतीक है। इस महापर्व को विश्वस्तरीय आयोजन बनाने के लिए सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी।



### उज्जैन सहित खण्डवा, मंदसौर और खरगोन में भी होंगे कार्य

बैठक में कुल 2675 करोड़ रूपए लागत के 33 कार्य स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किए गए। इनमें 25 कार्य उज्जैन, 3 खण्डवा, 2 मंदसौर और 3 खरगोन में होने हैं। इनमें नगरीयविकास एवं आवास विभाग के 21, लोक निर्माण के 6, रेलवे के 2 एवं पर्यटन, गृह, एमपीआरडीसी और जल संसाधन विभाग के एक-एक कार्य शामिल हैं।

### उज्जैन को सात जोन में बांटकर होगी व्यवस्थाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण कार्यों में स्थानीय निवासियों को सहभागी बनाया जाए और उनकी राय का सम्मान किया जाए। सिंहस्थ अवधि में भीड़ प्रबंधन, आवागमन, पार्किंग और पदयात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही, कचरा प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग अनिवार्य होगा। उज्जैन को सात जोन में बांटकर पेयजल, स्वच्छता, यातायात, कानून व्यवस्था और स्वास्थ्य जैसी व्यवस्थाएं सुदृढ़ की जाएंगी।

### 12 किमी 6 लेन मार्ग सभी घाटों को जोड़ेगा

बैठक में यातायात सुगम बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सड़कों और मार्गों को मंजूरी दी गई। 194 करोड़ रुपये की लागत से 12 किलोमीटर लंबा 6-लेन मार्ग (एमआर-22) सभी घाटों को जोड़ेगा और सिंहस्थ के दौरान इसका बस रैपिट ट्रांजिट के रूप में उपयोग किया जा सकेगा। 36.59 करोड़ रुपये से बड़नगर रोड के विकल्प के रूप में नईखेड़ी मार्ग विकसित होगा। महाकाल मंदिर, रामघाट और अन्य प्रमुख स्थलों तक पहुंच आसान करने के लिए कई फोरलेन और सिक्स लेन मार्ग स्वीकृत किए गए। कर्कराज पार्किंग, भैरवगढ़ जेल चौराहा, जूना सोमवारिया मार्ग, अंकपात चौराहा सहित कई स्थानों पर चौड़ीकरण और वैकल्पिक मार्ग तैयार होंगे।

### फोरलेन सड़क से ट्रैफिक कंजेशन में कमी आएगी

लगभग 3 किलोमीटर लंबे 36.59 करोड़ रूपए लागत के इस फोरलेन मार्ग से सिंहस्थ बायपास से शंकराचार्य चौराहे तक के ट्रैफिक कंजेशन में कमी आएगी। इसी प्रकार इंदौर उज्जैन रोड से क्षिप्रा नदी के पश्चिम भाग को जोड़ने के लिए शनि मंदिर से जीवनखेड़ी रोड, इंदौर रोड से आने वाले श्रद्धालुओं को त्रिवेणी घाट और शनि मंदिर तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक मार्ग के रूप में उपयोग किए जाने वाले शांतिधाम चौराहा से शनि मंदिर रोड और महाकाल मंदिर को रामघाट से सीधे जोड़ने व महाकाल आने वालों को चौड़ा मार्ग उपलब्ध कराने के लिए महाराज वाडा चौराहा से हरसिद्धि मंदिर चौराहा क्षिप्रा नदी तक के रोड को समिति ने अनुमोदन प्रदान किया।

# शहर में दो आंकड़े के गणेश के मंदिर... जन आस्था के केंद्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (न्यूज)

इंदौर। मान्यता है कि आंकड़े के पौधे की जड़ में गणेशजी का वास होता है। सामान्यतः आंकड़े का पौधा दुर्लभ होता है और इसकी जड़ में गणेश जी की प्रतिकृति बनने में काफी लंबा समय लगता है। एक संयोग है कि इंदौर में दो आंकड़े के गणेश के मंदिर हैं। ये जन आस्था के केंद्र हैं। इनमें से एक स्नेहलतागंज में और दूसरा छत्रीबाग के समीप सिलावटपुरा में है। यहां गणेशोत्सव के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। श्वेतार्क गणेशजी के दर्शन से मानव का कल्याण होता है। आंकड़े के फूल भगवान शंकर को प्रिय हैं। इनमें भी सफेद आंकड़े के फूलों का विशेष महत्व है। आंकड़े का फूल विषैले प्रकार का होता है, पर यह भोलेनाथ को प्रिय है, इसलिए यह भगवान शंकर को



अर्पित किया जाता है। इसलिए आंकड़े की जड़ में बने गणेश को सबसे सिद्ध और फलदायक माना गया है। श्वेतार्क यानी सफेद आंकड़े के पौधे की जड़ों को भगवान गणेश का प्राकृतिक स्वरूप माना जाता है। इसकी जड़ों में स्वाभाविक रूप से गणेश जी की प्रतिमा बन जाती है। इस श्वेतार्क पौधे या गणेश प्रतिमा की घर में पूजा करने से समृद्धि आती है। नकारात्मकता दूर होती है और घर में दरिद्रता, रोग और परेशानियां नहीं रहती हैं। सिलावटपुरा क्षेत्र में आंकड़े की गणपति जी का मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र है। इस क्षेत्र के निवासी तेजकरण राठौड़ ने इस आंकड़े के गणेश मंदिर की स्थापना अपने निवास पर की है। पहले हरसिद्धि मंदिर के सामने फूल मंडी हुआ करती थी। वहां आंकड़े का काफी बड़ा पेड़ था, जिसके फूल तेजकरण राठौड़ पूजन के लिए ले लाया करते थे। किसी कारण से यह आंकड़े का पेड़ वहां से हटाना पड़ा। विकट परिस्थितियों में वे उस पेड़ की जड़ को स्वयं खोदकर अपने निवास पर लेकर आए। इंदौर में आंकड़े के गणेश का दूसरा मंदिर स्नेहलता गंज में है। यहां स्वर्गीय राधेश्याम जोशी के निवास के आंगन में एक काफी बड़ा बगीचा था। करीब ढाई दशक पूर्व उनके बगीचे में करीब 27 फीट ऊंचा सफेद आंकड़े का पेड़ था। जोशी परिवार उस आंकड़े के पेड़ की पूजा करता था। इसी निवास में रहने वाली एक महिला को स्वप्न में आंकड़े के गणेश जी होने की सूचना मिली और उन्हें जड़ से बाहर निकलने का फरमान मिला। जब आंकड़े के पेड़ के स्थान पर खुदाई की तो वहां गणेश जी की पंचमुखी प्रतिमा प्राप्त हुई। यह खुदाई कार्य नवंबर 2002 में हुआ। इस खुदाई में आंकड़े के पेड़ की जड़ में पंचमुखी गणेश मिले। यहीं जोशी परिवार ने पंचमुखी श्री अर्केश्वर गणेश धाम की स्थापना की एवं मंदिर का निर्माण करवाया। अब यह स्वेत अर्क के बने पंचमुखी गणेश आसपास के लोगों के लिए आस्था का केंद्र बन गए हैं।

## एमपीसीए...
# अब तीसरी पीढ़ी ने संभाली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। चाहे खेल का मैदान हो या राजनीति। सिंधिया परिवार ने हमेशा सेफ गेम खेला है और कोशिश यही रही है कि किसी भी तरह की चुनौती का उन्हें सामना न करना पड़े। माधव राव ने 37 साल की उम्र में मध्य प्रदेश क्रिकेट संगठन के अध्यक्ष बने और सबसे लंबा कार्यकाल उनका रहा। वे 1982 में इस संगठन के कप्तान बने और वर्ष 1999 तक काबिज रहे। उनके निधन के बाद तीन साल के लिए श्रवण पटेल अध्यक्ष रहे।**



फिर माधव राव सिंधिया के पुत्र ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कुर्सी संभाली। वे वर्ष 2006 से वर्ष 2013 तक अध्यक्ष रहे। फिर नए नियम आने के बाद वे लगातार अध्यक्ष नहीं बन सकते थे। उनके बाद संजय जगदाले और अभिलाष खांडेकर उन्हीं की पसंद से अध्यक्ष बने।ज्योदिरादित्य का प्रभाव तब भी संगठन में बना रहा।संगठन का गठन 1957 में हुआ। तब से लेकर अब तक 68 वर्षों में से 23 वर्ष तक पिता माधव राव और बेटे ज्योतिरादित्य सिंधिया के पास अध्यक्ष पद की कुर्सी रही। अब तीसरी सिंधिया परिवार की तीसरी पीढ़ी के रुप में आर्यमन सिंधिया अध्यक्ष बने है। उनका कार्यकाल तीन वर्षों के लिए रहेगा। सिंधिया परिवार का ताल्लुक ग्वालियर राजघराने से है, लेकिन उनका प्रभाव मालवा-निमाड़ में भी रहा। इसमें एमपीसीए संगठन भी मददगार रहा। दअरसल इस संगठन का मुख्य कार्यालय हमेशा से इंदौर रहा है। माधव राव सिंधिया जब भी संगठन के काम के सिलसिले में इंदौर आते थे तो वे अपने समर्थकों से भी मिलते थे। यह परिपाटी ज्योदिरादित्य सिंधिया ने भी निभाई। मालवा-निमाड़ क्षेत्र में उनके कई समर्थक विधायक व नेता भी है।

## सिंधिया का कांग्रेस पर हमला : बोले-
# ऐसी चरित्रहीन पार्टी के बारे में क्या बात करना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस पार्टी को चरित्रहीन पार्टी बताया है। इंदौर आए सिंधिया ने भाजपा कार्यालय पर मीडिया से चर्चा में कांग्रेस पर जमकर प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस ऐसी चरित्रहीन पार्टी हो गई है, जिसके बारे में बात भी नहीं की जा सकती। पीएम की दिवंगत मां को अपशब्द कहने के मामले में उन्होंने कहा कि जो दल चरित्रहीन होते हैं, उनकी स्थिति ऐसी ही स्तरहीन हो जाती है।

सिंधिया मंगलवार को इंदौर भाजपा कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बाद में मीडिया से चर्चा में कांग्रेस और उसके नेताओं पर जमकर हमला किया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा प्रदेश की महिलाओं को शराबी कहने पर प्रतिक्रिया देते हुए सिंधिया ने कांग्रेस पार्टी को चरित्रहीन बताया। जीतू पटवारी के खेलों में परिवारवाद को लेकर दिए बयान पर सिंधिया ने कहा कि उनका स्वागत है। उन्होंने कहा-जो दल चरित्रहीन होता है जब उनकी स्थिति स्तरहीन हो जाती है। उसमें सारी सीमाओं की पराकाष्ठा का उल्लंघन होता है। तब उस संगठन, व्यक्ति या दल की क्या स्थिति होती है यह देश की जनता ने बता दिया। सिंधिया ने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री देश को आगे बढ़ाने में लगे हैं। दूसरी तरफ विपक्ष के नेता, कार्यकर्ता उनके खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग कर रहे हैं।

# कादरी से पूछताछ, बेटी आयशा भी जांच के घेरे में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** लव जिहाद की फंडिंग के आरोप में गिरफ्तार अनवर कादरी से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है। पूछताछ में कई अहम खुलासे सामने आ रहे हैं। पुलिस अब अनवर की बेटी आयशा से भी पूछताछ करने की तैयारी में है। इसके लिए कोर्ट को पत्र लिखा गया है और अनुमति मिलने के बाद पुलिस जेल में आयशा से पूछताछ करेगी। अनवर कादरी के खिलाफ बाणगंगा थाने में दर्ज दो मामलों में पुलिस की जांच जारी है। एसीपी रुबीना मिजवानी ने बताया कि अनवर कादरी से पूछताछ में यह जानकारी सामने आई कि वह एफआईआर दर्ज होने के बाद इंदौर से नेपाल कैसे भागा। पुलिस को यह भी पता चला है कि नेपाल में वह किन-किन जगहों पर रुका। जांच में खुलासा हुआ कि अनवर काठमांडू के एक होटल में ठहरा था, जिसका ऑनलाइन पेमेंट उसकी बेटी आयशा ने किया था। इसी वजह से अब पुलिस आयशा से भी विस्तार से पूछताछ करना चाहती है। आयशा को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है और कोर्ट की अनुमति मिलने के बाद जेल में पूछताछ होगी। एसीपी ने बताया कि अनवर और उसकी बेटी आयशा, मिनाजुद्दीन निवासी मदीना नगर थाना आजाद नगर और नवनीत कुरेचिया के नाम से खरीदी गई सिम का इस्तेमाल कर आपस में संपर्क में थे। इस सिलसिले में पुलिस ने मिनाजुद्दीन और नवनीत को पूछताछ और बयान दर्ज कराने के लिए नोटिस भेजा है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आखिर अनवर और आयशा ने इनके नाम की सिम का इस्तेमाल क्यों किया। इसके अलावा, पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि अनवर ने किसी और अपराध में शामिल होकर उन्हें नुकसान पहुंचाया हो तो इसकी जानकारी तुरंत दिए गए मोबाइल नंबर पर दें। पुलिस के मुताबिक, अनवर कादरी नेपाल से होते हुए महाराष्ट्र के रास्ते इंदौर लौटा था और यहां आकर उसने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। सरेंडर के बाद अदालत ने उसे 3 सितंबर तक पुलिस रिमांड पर सौंपा। अब रिमांड की अवधि समाप्त होने जा रही है, लेकिन जांच में कई बिंदुओं पर खुलासा होना बाकी है। ऐसे में संभावना है कि पुलिस उसकी रिमांड अवधि और बढ़ाने के लिए कोर्ट में आवेदन कर सकती है।

### आर्म्स एक्ट की कारवाई

कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी के खिलाफ सदर बाजार पुलिस ने फर्जी आर्म्स लाइसेंस का एक और केस दर्ज किया है। पुलिस ने घर से मिले आर्म्स लाइसेंस को लेकर जांच की थी। जिसमें लाइसेंस फर्जी निकला है। इसके बाद अफसरों को जानकारी दी गई और पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली। सदर बाजार पुलिस भी इस मामले में अनवर की गिरफ्तारी करेगी। पुलिस के मुताबिक लव जिहाद फंडिंग केस में पकड़े गए अनवर कादरी का 12 बोर बंदूक का जम्मू-कश्मीर से बना लाइसेंस निकला फर्जी निकला है। यह लाइसेंस रामबन जिले में बना था जिसे कठुआ से रिन्यूअल कराया गया। इसमें पुलिस ने तलाशी के दौरान जांच की तो यूआईडी नंबर फर्जी निकला। इसकी जानकारी वरिष्ठ अफसरों को दी गई।

# तीन दिवसीय महाराष्ट्रीयन पर्व का समापन हुआ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। तीन दिवसीय महाराष्ट्रीयन पर्व का समापन हुआ माता ज्येष्ठा गौरी व माता कनिष्ठा गौरी को लगाए 56 भोग दीप जलाकर प्रसाद वितरण इंदौर नगरीय क्षेत्र में देश के प्रत्येक क्षेत्र से लोग निवास करते हैं। और अपनी अपनी परंपराओं को निभाते हुए पर्व मानते हैं।**



इंदौर स्थित 24 सहकार नगर एक्स. केट चौराहा यादव गौशाला वाली गली, इन्दौर निवासी पांडुरंग होळकर व परिवार ने बताया की परीवार की पुर्व परंपरानुसार महाराष्ट्रीयन परिवार में भाद्रपद के महीने में भगवान श्री गणेश जी की स्थापना के ठीक चार दिन बाद यानी शुक्ल पक्ष की सप्तमी पर महालक्ष्मी (महागौरी) घर-घर विराजमान होती हैं। महालक्ष्मी का श्रृंगार नई नवरी, पैठनी साड़ी पहनाकर आभूषणो से श्रृंगार कर स्थापना की जाती है। गणेश उत्सव के तहत महाराष्ट्रीयन परिवारों में तीन दिन महालक्ष्मी पर्व की शुरुआत हुई । इसमें रविवार को ज्येष्ठा माता व कनिष्ठा माता की अगवानी की गई। इसके बाद दूसरे दिन सोमवार को महाराष्ट्रीयन परिवार के 24 सहकार नगर एक्स. केट चौराहा यादव गौशाला वाली गली इन्दौर निवासी पांडुरंग होलकर अलका होलकर युवराज होलकर हिमांगी होलकर के निवास पर माता को छप्पन भोग और पुरन पोली का भोग लगाकर दीप जलाए गए। महा आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें पारिवारिक सदस्य एवं आसपास क्षेत्र के लोग सह परिवार उपस्थित होकर पूजा अर्चना की एवं मन्नते भी मांगी। काफी श्रद्धालु उपस्थित हुए । 2 सितंबर मंगलवार को पर्व का समापन मूर्ति विसर्जन के साथ हुआ।



# जयरामपुर कॉलोनी में मची गणेशोत्सव की धूम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। 42 साल पुरानी सार्वजनिक महोत्सव समिति जयरामपुर कॉलोनी में इस बार पाण्डाल के बाहर पूरी के भगवान जगन्नाथ के रथ शिखर की प्रतिकृति और अंदर बाल स्वरूप में भगवान जगन्नाथ से खेलते हुए गणेशजी की मूर्ति विराजित है। पाण्डाल के एक और 16 फिट ऊँचाई पर विराट स्वरूप में जगन्नाथजी भी विराजमान है, जो श्रद्धालुओं में आस्था का केंद्र बन गई है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में परिवार सहित श्रद्धालु जुट रहे हैं।**

समिति के अध्यक्ष प्रकाश लालवानी, सचिव अनिल आगा ने बताया कि गणेशोत्सव और पाण्डाल की डिजाइन बंगाली कारीगरों से तैयार करवाई है। इस तरह का डिजाइन देश-दुनिया में पहली बार ही किसी गणेशोत्सव में यानी कि इंदौर में भक्तों को देखने को मिल रहा है। 6 सितंबर तक चलने वाले गणेशोत्सव के दौरान प्रतिदिन संगीतमय आरती, भजन संध्या, प्रसादी वितरण, पर्यावरण सरक्षंण, सामाजिक सरोकारों सहित कई आयोजन भी हो रहे हैं।

# लड़की के नाम पर फर्जी प्रोफाइल बनाई

**धमकाकर 50 हजार ट्रांसफर कराए**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। तेजाजी नगर पुलिस ने तीन आरोपियों पर कार्रवाई की है। आरोपियों ने एक युवती के नाम से फर्जी आईडी बनाकर एक युवक को इंस्टाग्राम पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी। उसके बाद उसे बायपास पर मिलने बुलाया। यहां डरा-धमकाकर उससे 50 हजार रुपए ट्रांसफर करवा लिए। पुलिस ने मोबाइल नंबर के आधार पर तीनों आरोपियों की पहचान कर सोमवार रात को हिरासत में ले लिया है। पीड़ित ने 29 अगस्त को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।**

टीआई देवेंद्र मरकाम के अनुसार, राहुल निवासी लवकुश कॉलोनी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके इंस्टाग्राम पर प्रिया ठाकुर नाम की युवती से दोस्ती हुई थी। चैटिंग के बाद प्रिया ने मिलने के लिए बायपास के सुनसान इलाके में बुलाया। वहां तीनों आरोपी पंकज खातकर (निवासी लसूडिया), यश सोलंकी (निवासी निरंजनपुर) और विजेंद्र गुप्ता मौजूद थे। तीनों ने डरा धमकाकर अकाउंट से 50 हजार रुपए ट्रांसफर करवा लिए। राहुल अपने भाई के साथ अरविंदो स्थित एक होटल संचालित करता है। टीआई मरकाम के मुताबिक, पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि उन्होंने फर्जी प्रोफाइल बनाकर राहुल को जाल में फंसाया और उससे 50 हजार रुपए ट्रांसफर कराए। पुलिस फिलहाल आरोपियों से यह भी पूछताछ कर रही है कि उन्होंने इसी तरीके से कितने और लोगों के साथ ठगी की है। पकड़े गए आरोपियों में विजेंद्र उत्तर प्रदेश का रहने वाला है, जबकि पंकज बैतूल का निवासी है। पुलिस ने उनके पास से एक बाइक, मोबाइल और नकदी बरामद की है। पीड़ित राहुल ने पुलिस को अपनी शिकायत में बताया कि 25 अगस्त को प्रिया ठाकुर नाम की आईडी से उसे फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। चैटिंग के दौरान अगले दिन उसे तेजाजी नगर बायपास स्थित ब्रिज के पास 5 मिनट के लिए मिलने बुलाया गया। राहुल जब बाइक लेकर वहां पहुंचा तो काले रंग की एक अन्य बाइक पर सवार तीन युवक आए और उसे चमेली देवी कॉलेज के पास रोक लिया। उनमें से एक युवक ने कहा, तू हमारी बहन प्रिया से बात करता है। इसके बाद उन्होंने बाइक की चाबी निकाल ली और मारपीट शुरू कर दी। राहुल ने पुलिस को बताया कि तीनों आरोपी उसे जबरन जंगल की ओर ले गए और वहां अलग-अलग अकाउंट में उससे पैसों ट्रांसफर करवाए। तीनों आरोपी इससे पहले 22 जुलाई को शिप्रा इलाके में पकड़ाए थे। इस दौरान आबकारी और आर्म्स एक्ट के केस बना था। पुलिस युवक की शिकायत के बाद से आरोपियों की तलाश में जुटी थी। सोमवार रात तीनों को गिरफ्तार किया गया है। तीनों आरोपी मजदूरी से जुड़ा काम करते हैं।

# इंदौर में नहीं होगी विधायक निर्मला सप्रे केस की सुनवाई



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **बीना विधायक निर्मला सप्रे के दलबदल के मामले में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की याचिका को इंदौर हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। सप्रे की सदस्यता रद्द किए जाने को लेकर हाईकोर्ट में दायर याचिका पर जस्टिस प्रणय वर्मा की बेंच ने अंतिम आदेश पारित किया।**

उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने अपने क्षेत्राधिकार में विचारणीय न होने के आधार पर यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि वे मुख्य पीठ के समक्ष दोबारा याचिका पेश करने के लिए स्वतंत्र हैं। आदेश सोमवार को जारी किया गया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने रिट पिटीशन दायर की थी। इसमें कहा गया था कि कांग्रेस से निर्वाचित विधायक निर्मला सप्रे बीजेपी में शामिल हो गई हैं, लेकिन उन्होंने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा नहीं दिया। याचिका में मांग की गई थी कि सप्रे ने पार्टी बदली है तो उनकी विधानसभा सदस्यता रद्द की जानी चाहिए। इसके लिए पहले विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के समक्ष पत्र भेजा था लेकिन उस पर 90 दिन की तय अवधि में कोई कार्रवाई नहीं होने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। याचिका में कहा था कि संविधान की अनुसूची 10 के अनुसार कोई विधायक दल बदलता है, उसकी विस से सदस्यता निरस्त कर दी जाती है।

# कार्टूनिस्ट को सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कार्टूनिस्ट हेमंत मालवीय को सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को शर्तों के साथ अग्रिम जमानत (एंटीसिपेट्री बेल) दे दी। हालांकि कोर्ट ने मालवीय को पुलिस जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने निर्देश दिए कि जांच में सहयोग नहीं करने पर जमानत रद्द की जा सकती है। मालवीय पर आरोप है कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का विवादित कार्टून बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया था। इससे पहले 23 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर मालवीय ने सोशल मीडिया पर माफी भी मांगी थी। इसके बाद मंगलवार को सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अग्रिम जमानत दे दी। एफआईआर के अनुसार, मालवीय के कार्टून में आरएसएस की वर्दी पहने एक व्यक्ति को शर्ट्स उतारे हुए और प्रधानमंत्री मोदी को इंजेक्शन लगाते हुए दिखाया गया था। इस कार्टून से भावनाएं आहत होने पर इंदौर के विनय जोशी ने पुलिस से शिकायत कर दी थी। पोस्ट में कथित तौर पर भगवान शिव से जुड़ी टिप्पणियां भी थीं, जिन्हें उच्च न्यायालय ने अपमानजनक पाया।

# केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मिले इंदौर महापौर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने शहर की जीवनदायिनी कान्ह (28 किमी) और सरस्वती (13 किमी) नदी के रिवर फ्रंट डेवलपमेंट के लिए 671.69 करोड़ रुपए की डीपीआर स्वीकृत करने का आग्रह केंद्र सरकार से किया है। महापौर ने आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर से हरियाणा के करनाल में आयोजित महापौर परिषद की बैठक के दौरान चर्चा की। महापौर ने बताया कि इस परियोजना में स्टोन पिचिंग, वॉक-वे, उद्यान, विद्युत सज्जा और अन्य सौंदर्यीकरण कार्य सम्मिलित हैं। ये पूरा होने पर शहर के मध्य एक आकर्षक व रमणीय रिवर फ्रंट तैयार होगा, जो न केवल लोगों को बल्कि पर्यटकों के लिए भी विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगा। महापौर ने कहा कि स्वच्छता और नवाचार में लगातार देश में अग्रणी इंदौर अब नदी पुनरुद्धार और पर्यटन विकास के क्षेत्र में भी मिसाल कायम करेगा। बता दें कि हरियाणा पहली बार अखिल भारतीय महापौर परिषद की प्रतिष्ठित 53वीं वार्षिक आम सभा की मेजबानी कर रहा है। इस दो दिवसीय बैठक में देशभर के महापौर शामिल हुए हैं, जहां शहरी विकास से जुड़े अहम विषयों पर विचार-विमर्श किया जा रहा है।

# मानव श्रृंखला बनाकर दिया युद्ध के विरोध का संदेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **अखिल भारतीय शांति एवं एकता संगठन (एप्सो) द्वारा अंतरराष्ट्रीय युद्ध विरोधी दिवस के अवसर पर इंदौर में गांधी हॉल में संगोष्ठी और मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया।**




इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और प्रबुद्ध नागरिकों ने भाग लेकर युद्ध विरोध का स्पष्ट संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि युद्ध केवल सैनिक मोर्चों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसका गहरा आर्थिक और सामाजिक प्रभाव समाज के हर वर्ग पर पड़ता है। युद्ध से शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, पर्यावरण और रोजगार जैसी बुनियादी जरूरतें प्रभावित होती हैं। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूरोप और एशिया के बड़े हिस्से में भारी तबाही, खाद्यान्न संकट और शरणार्थियों की त्रासदी ने यह स्पष्ट कर दिया था कि युद्ध मानवता को केवल पीछे ही धकेलता है। आज भी यूक्रेन, ग़ाज़ा और पश्चिम एशिया जैसे क्षेत्रों में चल रहे युद्धों से लाखों लोग विस्थापित हैं और विश्व अर्थव्यवस्था पर गहरा बोझ पड़ा है। जब संसाधन हथियारों और युद्ध पर खर्च होते हैं, तो जनता की जीवन-जरूरतों पर निवेश घट जाता है, जिससे महंगाई, बेरोजगारी और असमानता बढ़ती है। मानव श्रृंखला में शामिल प्रतिभागियों ने हाथों में हाथ डालकर एकता, भाईचारे और विश्व शांति का प्रतीकात्मक संदेश दिया। कार्यक्रम में यह संकल्प लिया गया कि शांति और न्यायपूर्ण समाज की स्थापना के लिए हर नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है और यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम में श्याम सुन्दर यादव, रामबाबू अग्रवाल, रामस्वरूप मंत्री, विजय दलाल, अरविन्द पोरवाल, पीयूष लाकरा, योगेन्द्र महावर,राहुल निहोरे, रुद्रपाल यादव, कैलाश लिम्बोदिया, अशोक दुबे, चुन्नीलाल वाधवानी, रमेश झाला, पिंकल हार्डिया, विवेक मेहता, शारदा बहन, मृदुला शर्मा, अमन यादव सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकराई, स्टूडेंट की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** राउ सर्कल के पास एक स्टूडेंट की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह अपने दोस्त से मिलने ओमेक्स सिटी जा रहा था। उसकी बाइक तेज स्पीड में थी। वह डिवाइडर से टकराया और उछलकर सड़क पर जा गिरा, जिसमें सिर में गंभीर चोट आने के चलते उसे अस्पताल ले जाया गया। यहां उसकी मौत हो गई। राउ पुलिस ने बताया कि घटना बायपास स्थित ओमेक्स हिल्स के पास की है। यहां पर शशांक (19) पुत्र ओमप्रकाश निवासी सिलीकॉन सिटी की सोमवार रात हादसे में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक वह काफी तेज रफ्तार में बाइक दौड़ा रहा था। उसकी बाइक डिवाइडर से स्लिप होकर टकरा गई, जिसमें सिर में गंभीर चोट आई थी। दोस्तों ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त दीपक से मिलने ओमेक्स सिटी जा रहा था। तभी हादसे का शिकार हो गया। शशांक मूल रूप से रीवा का रहने वाला है। वह सेज यूनिवर्सिटी से बीबीए सेकेंड ईयर की पढ़ाई कर रहा था। पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दी है। द्वारकापुरी में भी एक बुजुर्ग अपनी एक्टिवा से गिर गए। उन्हें इलाज के लिए नजदीक के अस्पताल ले जाया गया। लेकिन उनकी मौत हो गई।

# 'जल जीवन मिशन' की पुनरीक्षित योजनाओं में 2,813 करोड़ रूपए वृद्धि का अनुमोदन

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा प्रदेश में 'जल जीवन मिशन' अंतर्गत पुनरीक्षित योजनाओं में प्रस्तावित लागत में वृद्धि राशि 2,813 करोड़ 21 लाख रूपये राज्य सरकार द्वारा वहन किए जाने का अनुमोदन किया, जो लगभग 13.55 प्रतिशत है।**

जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रदेश में अब तक 20 हजार 765 करोड़ रूपये लागत की 27 हजार 990 एकल ग्राम नल जल योजनाओं और 60 हजार 786 करोड़ रूपये लागत की 148 समूह जल प्रदाय योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत 27 हजार 990 योजनाओं में से 15 हजार 947 ग्रामों की योजनाएं पूर्ण हो चुकी है और 12 हजार 43 योजनाओं के कार्य विभिन्न चरणों में प्रगतिरत हैं। अभी तक कुल 8 हजार 358 योजनाओं के पुनरीक्षण की आवश्यकता हुई है। पुनरीक्षण कार्यवाही के अंतर्गत 7 लाख ग्रामीण परिवारों को क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए समस्त परिक्षेत्र के जिलों की प्रस्तुत 8,358 पुनरीक्षित परियोजनाओं के विस्तृत परीक्षण के उपरान्त कुल पुनरीक्षित लागत 9026 करोड़ 97 लाख रूपये की स्वीकृति दिये जाने की अनुशंसा की गई। इन योजनाओं की मूल स्वीकृत लागत 6,213 करोड़ 76 लाख रूपये है। मंत्रि-परिषद द्वारा इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड (एक्सेस कंट्रोल) मार्ग, लंबाई 48.10 कि.मी. का 4 लेन मय पेव्हड शोल्डर एवं दोनों ओर दो लेन सर्विस रोड सहित, हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल (एचएएम ) योजनांतर्गत निर्माण कार्य के लिए भू-अर्जन सहित कुल राशि 2935.15 करोड़ रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। पूर्व में जारी लोक निर्माण विभाग को प्रदान की गई प्रशासकीय स्वीकृति को निरस्त करते हुए परियोजना को 'हाईब्रिड एन्यूटी मॉडल' पर किए जाने की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदाय की गयी परियोजना के अंतर्गत 34 अंडर पास, 2 फ्लाई ओवर, 1 आर.ओ.बी., 7 मध्यम पुल एवं 2 वृहद जंक्शन का निर्माण सहित सभी जंक्शन का सुधार, सड़क सुरक्षा उपाय, रोड मार्किंग आदि कार्य किये जायेंगे। मार्ग के निर्माण एवं संधारण के लिए कंसेशन अवधि 17 वर्ष रहेगी।



### पारदी गैंग ने पुलिसवाले से 17 लाख रुपए लूटे

**खंडवा।** छत्तीसगढ़ पुलिस के एक कॉन्स्टेबल के साथ लूट की वारदात हो गई। पारदी गैंग ने कॉन्स्टेबल और उसके भाई समेत एक अन्य को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा और साढ़े 17 लाख रुपए से भरा बैग अपने कब्जे में ले लिया। बैग में नकद रुपए, एटीएम कार्ड और अन्य सामान था। लूट के पीछे की कहानी सोना खरीदी से जुड़ी है। रविवार सुबह हुई इस घटना के दो दिन बाद मंगलवार अलसुबह पुलिस ने दो लुटेरों को हिरासत में लेकर लूटा गया पैसा और सामान जब्त कर लिया। दरअसल, एक टूर के दौरान छत्तीसगढ़ के रायपुर में पदस्थ ट्रैफिक कॉन्स्टेबल मयंक खूटे की पहचान खंडवा के पारदी गैंग के सदस्य से हुई थी। उसने कॉन्स्टेबल को घर की खुदाई में सोना मिलने की बात बताई और एक किलो सोने को सस्ते में खरीदने के लिए कॉन्स्टेबल को खंडवा बुलाया। शनिवार रात कॉन्स्टेबल अपने भाई और एक अन्य कर्मचारी के साथ खंडवा पहुंचे। उन्हें सोना लेने के लिए हरदा जिले की सीमा से सटे हरसूद क्षेत्र में बुलाया गया। यहां पारदी गैंग के चार लोगों ने कॉन्स्टेबल को सोना नहीं दिया, लेकिन उनके पास 17 लाख रुपए से भरा बैग लूट लिया।

### बैंक में रखे लोगों के 2 करोड़ के जेवर चोरी

**उज्जैन।** महानंदा नगर की एसबीआई ब्रांच से 2 करोड़ के आभूषण और 8 लाख कैश चोरी हो गए। बदमाश सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। फुटेज में 2 बदमाश बैंक से बाहर निकलते नजर आ रहे हैं। बैंक से चोरी हुआ सोना उन लोगों का है, जिन्होंने गोल्ड लोन ले रखा है। जानकारी के अनुसार, चोरी के दौरान बैंक का लॉकर तोड़ा नहीं गया है। पुलिस को आशंका है कि कोई अंदर का ही व्यक्ति है, जिसने इस वारदात को अंजाम दिया है। एडीजी उमेश जोगा और एसपी प्रदीप शर्मा मौके पहुंचे और जानकारी ली।

### पुस्तक फटी या गुम हुई तो फिर से दूसरी मिलेगी

**भोपाल।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष शासन की ओर से निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें दी जाती है। कई बार विद्यार्थियों से यह किताबें फट जाती है या गुम जाए तो उन्हें दुबारा दी जाएगी। खासतौर पर अभ्यास पुस्तिका समय से पहले फट जाती है। इससे पढ़ाई प्रभावित न हो, इसलिए इस सत्र में स्कूल शिक्षा विभाग अब ऐसी स्थिति होने पर दूसरी पुस्तक निःशुल्क बच्चों को उपलब्ध कराएगी। इसके लिए इस वर्ष 20 प्रतिशत अधिक पुस्तकें छपवाई जाएंगी। उल्लेखनीय है कि मप्र पाठ्य पुस्तक निगम की ओर से पहली से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए वर्तमान में सात करोड़ पाठ्यपुस्तकों की छपाई कराई जाती है। इसमें अब 1.40 करोड़ किताबें अधिक प्रकाशित की जाएंगी।

# शहरी क्षेत्रों की सड़कों के निर्माण और मरम्मत कार्य में रखी जाए पारदर्शिता : विजयवर्गीय

## आगामी त्यौहारों को देखते हुए मरम्मत कार्य को दें प्राथमिकता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि आगामी त्यौहारों के सीजन को देखते हुए सड़क मरम्मत से जुड़े कार्यों को विभाग प्राथमिकता दे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 413 नगरीय निकायों में सड़क पर बोर्ड के माध्यम से निर्माण एजेंसी और निविदा शर्तों के बारे में नागरिकों और जनप्रतिनिधियों को उससे जुड़ी आवश्यक जानकारी दी जाये। मंत्री श्री विजयवर्गीय सोमवार को मंत्रालय में समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।**

मंत्री श्री विजयवर्गीय ने बताया कि शहरी क्षेत्रों पर लगातार आबादी का दबाव बढ़ रहा है। इसका असर शहरी क्षेत्र की अधोसंरचना पर पड़ रहा है। उन्होंने इस बात को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के लिये कहा। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में वर्तमान में 2 करोड़



50 लाख से ज्यादा परिवार शहरी परिधि में निवास कर रहे हैं। शहरी क्षेत्र प्रदेश के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में 35 प्रतिशत से अधिक योगदान दे रहे हैं। रियल एस्टेट क्षेत्र में 8 लाख 32 हजार से अधिक किफायती घर बनकर तैयार हो चुके हैं और 10 लाख मकान निर्माणाधीन हैं। प्रदेश में अक्टूबर 2019 से अब तक लगभग 51 हजार करोड़ रूपये के निवेश से शहरी कल्याण के कार्य चल रहे हैं।

### सड़क निर्माण को लेकर दिए दिशा-निर्देश

विभागीय मंत्री के निर्देश के बाद नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे ने सड़क निर्माण कार्य से जुड़े अमले को दिशा-निर्देश जारी किये। निर्देश में कहा गया है कि सड़क निर्माण कार्य की निविदाएं केवल ई-निविदा के माध्यम से ही जारी की जायें। सड़क निर्माण की कार्ययोजना तैयार करते समय परियोजना प्रबंधन का भी प्रावधान किया जाए। इसी के साथ सड़क निर्माण कार्य की कार्ययोजना तैयार करते समय 3 वर्ष का मेंटनेंस प्रावधान आवश्यक रूप से रखा जाये। कांक्रीट सडक निर्माण के वक्त विभागीय अधिकारी आवश्यक प्रक्रिया का पालन कराया जाना सुनिश्चित करें। प्रत्येक कार्य को प्रारंभ करने से पूर्व एवं समाप्ति के बाद जियो टैग फोटो का संधारण अनिवार्य रूप से किया जाए। निविदा की शर्तों का डिजिटाइजेशन किया जाए।

# नदियों में उफान, शाजापुर में स्कूल बस फंसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शाजापुर, एजेंसी।** स्ट्रॉन्ग सिस्टम के एक्टिव होने से मध्यप्रदेश में एक बार फिर तेज बारिश का दौर शुरू हो गया। मंगलवार को भोपाल, नर्मदापुरम, शाजापुर समेत कई जिलों में पानी गिरा। शाजापुर जिले के अकोदिया में भारी बारिश के बाद खारसौदा मार्ग की पुलिया डूब गई। यहां आवागमन बंद हो गया। एक स्कूल बस भी फंस गई। निचली बस्तियों में पानी भर गया। नर्मदापुरम जिले के इटारसी में रुक-रुक कर तेज और रिमझिम बारिश हो रही है। जलस्तर बढ़ने पर तवा डैम के 3 गेट दो-दो फीट की ऊंचाई तक खोले गए हैं। यह इस सीजन में दूसरी बार है, जब बांध के गेट खोले गए हैं। मऊगंज और पिपरिया में भी पानी गिरा। मौसम विभाग ने 15 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इससे पहले सोमवार देर शाम टीकमगढ़ में 20 लोग धसान नदी के बरा घाट पर फंस गए थे। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने उनको सुरक्षित रेस्क्यू किया। ये सभी कुडीला थाना क्षेत्र के निवासी हैं। धसान नदी में रेत का अवैध खनन करने गए थे। इसी दौरान जलस्तर बढ़ने से फंस गए थे। मौसम विभाग के मुताबिक, जिन जिलों में अगले 24 घंटे के दौरान ढाई से साढ़े 4 इंच तक बारिश हो सकती है, उनमें उज्जैन, रतलाम, आगर-मालवा, राजगढ़, गुना, शिवपुरी, धार, बुरहानपुर, खंडवा, हरदा, कटनी, उमरिया, शहडोल, डिंडौरी और अनूपपुर शामिल हैं।

## संपादकीय

# ट्रंप खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे

अमेरिकी सामरिक मामलों के विशेषज्ञ एश्ले जे टेलिस ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं क्योंकि उन्हें मई 2025 में भारत-पाकिस्तान विवाद सुलझाने का श्रेय नहीं मिला। न्यूज चैनल एनडीटीवी को दिए एक साक्षात्कार में टेलिस ने कहा कि भारत के रुसी तेल की खरीद को लेकर अमेरिका के साथ नीतिगत मतभेद हो सकते हैं, लेकिन हो सकता है कि इसमें कोई गंभीर शिकायत रही हो। दरअसल, ट्रंप कई बार भारत-पाकिस्तान में युद्धविराम कराने का दावा कर चुके हैं, मगर भारत हर बार यह साफ कर चुका है कि भारत-पाकिस्तान के बीच कोई तीसरा मध्यस्थता नहीं कर सकता है। यह द्विपक्षीय मसला है, इसमें किसी भी तीसरे का दखल नहीं होना चाहिए। अमेरिकी सामरिक मामलों के विशेषज्ञ एश्ले जे टेलिस ने कहा-मुझे लगता है कि ट्रंप खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें मई 2025 में भारत-पाकिस्तान संकट सुलझाने का वह श्रेय नहीं मिला जिसका वे खुद को हकदार मानते हैं। मुझे शक है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उन्हें हालात सुधारने के लिए दिए गए आह्वान ने स्थिति को सुलझाने के बजाय और भड़का दिया है। हाल के सप्ताहों में भारत और अमेरिका के संबंधों में तनाव तब आया जब ट्रंप प्रशासन ने रुसी तेल खरीदने के लिए भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया। माना जा रहा है कि पाकिस्तान के साथ हालिया संघर्ष के दौरान भारत द्वारा शांति स्थापित करने में अमेरिका की भूमिका से इनकार करने पर यह सख्त टैरिफ लगाया गया है। भारतीय निर्यात पर अमेरिकी टैरिफ अब 50 प्रतिशत से ऊपर है। ब्राजील के अलावा ट्रंप द्वारा अपनी टैरिफ सूची के अनुसार लगाया गया यह सबसे अधिक टैरिफ है। टेलिस ने कहा कि भारत के अमेरिका की दोनों देशों में शांति स्थापित करने में कोई बाहरी भूमिका निभाने से इनकार करने पर ट्रंप को बेहद असंतोष है। ऐसे में उन्होंने भारत पर निशाना साधने का फैसला किया है। चीन रुसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। 2024 में चीन ने 62.6 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य का रुसी तेल आयात किया, जबकि भारत ने 52.7 अरब अमेरिकी डॉलर का आयात किया। इसके बावजूद ट्रंप ने चीन की बड़ी भूमिका को नजरअंदाज करते हुए अपनी आलोचना भारत पर केंद्रित की है। एलिस ने यह भी कहा कि ट्रंप के ट्रेड एडवाइजर पीटर नवारो ने नई दिल्ली और वाशिंगटन के बीच संबंधों को और नुकसान पहुंचाया है। टेलिस ने कहा-उन्होंने भारत को ऐसी स्थिति में डाल दिया है जहां वह अब अमेरिका के कुछ दुश्मनों के साथ मिल-जुलकर रह रहा है, क्योंकि उसके पास और कोई विकल्प नहीं है। भारत को टैरिफ का महाराज बताते हुए नवारो ने नई दिल्ली पर रुसी तेल का आयात जारी रखकर मुनाफाखोरी की योजना चलाने का आरोप लगाया। अपनी मॉस्को यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रुस के साथ भारत के व्यापारिक संबंधों की अमेरिकी अधिकारियों द्वारा की गई आलोचना का जवाब देते हुए कहा कि भारत सरकार अमेरिकी धमकियों से परेशान है, क्योंकि वाशिंगटन ने खुद नई दिल्ली से रुसी तेल खरीदकर वैश्विक ऊर्जा बाजारों को स्थिर करने में मदद करने के लिए कहा था।

## ज्ञान-विज्ञान

### हाथ पीछे बंधे, गले में रस्सियां...

# पेरु में मिली 'अजीब' कब्र, 2300 साल पुराने कंकालों को देख डरे लोग



**पेरु में एक मंदिर की खुदाई के दौरान पुरातत्वविदों को एक दर्जन से ज्यादा लोगों के अवशेष मिले हैं। ये अवशेष 2300 साल पुराने हैं। इनमें कई अवशेषों या कंकालों के गले में रस्सियां लगी हुई हैं और हाथ पीठ के पीछे बंधे हुए हैं। ऐसा माना जा रहा है कि इनमें से अधिकतर शवों का संबंध मानव बलि से हो सकता है। हालांकि, रस्सियों से बंधे कंकालों की खोज के बाद स्थानीय निवासियों ने किसी अनहोनी की आशंका जताई है। उनका कहना है कि वैज्ञानिकों को ऐसी चीजों से छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए।**

### ◆ जमीन की ओर थे मृतकों के चेहरे

लाइव साइंस की रिपोर्ट के मुताबिक, पुरातत्वविदों ने बताया कि इन कब्रों में कुछ दुर्लभ विशेषताएं हैं। सैन मार्कोस के राष्ट्रीय विश्वविद्यालय में पुरातत्व के प्रोफेसर हेनरी टैंटालियन ने बताया है, 'जिस तरह से उन्हें कब्र में रखा गया था वह अजीब है। उनके चेहरे जमीन की ओर थे, जो एंडियन प्रागैतिहासिक काल में एक असामान्य दफनाने का तरीका था।' हेनरी टैंटालियन ही इस जगह पर खुदाई कर रही पुरातत्वविदों की टीम का नेतृत्व कर रहे हैं।

### ◆ मरे लोगों की खोपड़ियों में मिला फ्रैक्चर

टैंटालियन ने बताया कि कई लोगों की खोपड़ी में फ्रैक्चर था। वहीं, कुछ के गले में रस्सियां और हाथ पीठ के पीछे बंधे थे। उन्होंने कहा कि इन खोजों से पता चलता है कि इन लोगों की बलि दी गई थी। उन्होंने कहा कि 'उनके साथ कोई भेंट या कब्र में रखी कोई वस्तु नहीं थी, जो भी असामान्य है।'

### ◆ 3000 साल पुरानी है मंदिर

टैंटालियन के अनुसार, उनकी टीम ने 2024 में पेरू के उत्तर-पश्चिमी तट पर पुएमापे मंदिर परिसर के पास इन कब्रों की खोज की और 2025 में उत्खनन कार्य शुरू किया। उन्होंने बताया कि यह मंदिर लगभग 3,000 साल पुराना है, लेकिन ये कब्रें बाद के समय की हैं, लगभग 400 से 200 ईसा पूर्व की। उनका यह भी कहना है कि मानव बलि दिए जाने से पहले ही मंदिर को छोड़ दिया गया होगा।

### ◆ मरने वाले लोगों का डीएनए जांच रहे विशेषज्ञ

टैंटालियन ने कहा, 'वे इस प्राचीन पूजा स्थल पर चढ़ाई जाने वाली बलि रहे होंगे।' लेकिन पुरातत्वविदों को इस बारे में बहुत कम जानकारी है कि बलि चढ़ाए गए लोग कौन थे। टैंटालियन ने कहा, 'हो सकता है कि वे उसी क्षेत्र में रहने वाले लोग थे, हालांकि हमारी यह भी परिकल्पना है कि वे पड़ोसी घाटी से आए होंगे।' कंकालों का विश्लेषण जारी है, और टीम लोगों की पहचान जानने के लिए डीएनए टेस्ट सहित अध्ययन करने की योजना बना रही है। टीम मंदिर परिसर में पाए गए चीनी मिट्टी के बर्तनों, जानवरों और पौधों का भी विश्लेषण कर रही है।

Rajasthan

# राजस्थान में बारिश का कहर: 13 जिलों में अलर्ट, बांध टूटने से गांव डूबे, कई हादसे

**जयपुर, (एजेंसी)** राजस्थान में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। बंगाल की खाड़ी में लो-प्रेशर सिस्टम बनने के बाद प्रदेश में लगातार बरसात का दौर जारी है। मौसम विभाग ने अगले चार दिन तक बारिश के आसार जताए हैं। 3 सितंबर को झालावाड़, प्रतापगढ़ और बांसवाड़ा में भारी बरसात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि चित्तौड़गढ़, बूंदी, कोटा, बारां, सवाई माधोपुर, करौली, धौलपुर, भरतपुर, दौसा और अलवर में यलो अलर्ट रहेगा। लगातार हो रही बरसात से प्रदेश के कई जिलों में हादसे सामने आए हैं। जालोर, सिरोही, दौसा, जोधपुर और प्रतापगढ़ सहित कई जगहों पर हालात



बिगड़े। दौसा जिले के लालसोट क्षेत्र में नालावास डैम टूटने से जयपुर के कई गांव डूब गए। कोटखावदा और चाकसू तहसील के पांच से ज्यादा गांव पानी से प्रभावित हुए। सैकड़ों लोग बांध के पानी में फंस गए। प्रतापगढ़ में भीषण बरसात के बीच एक शिक्षक पुलिया से माही नदी में गिर गया। वहीं, सवाई माधोपुर में बांध पर स्टंट कर रहा युवक बह गया। जोधपुर के तिंवरी इलाके में मंगलवार सुबह एक मकान अचानक ढह गया। पाली जिले के सोजत-बिलाड़ा स्टेट हाईवे पर मंडला गांव के पास नदी का पानी सड़क पर चढ़ गया और एक ट्रक फंस गया। उधर, जालोर के आहोर क्षेत्र में सोमवार शाम तीन बाइक सवार एक बरसाती नाले में बह गए। इनमें से दो लोगों को बचा लिया गया, जबकि एक युवक की तलाश जारी है।

Punjab

## छत्तीसगढ़ में श्रद्धालुओं को कुचलती चली गई गाड़ी, 3 की मौत और 22 जख्मी

**जसपुर, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ में जशपुर जिले के बगीचा में गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान एक वाहन की चपेट में आने से एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई और करीब 22 लोग घायल हो गए। हादसा बगीचा चराईडांड स्टेट हाईवे पर मंगलवार देर रात करीब 12 बजे हुआ। एक बोलेरो अनियंत्रित होकर श्रद्धालुओं को कुचलती चली गई।

प्रत्यक्षदर्शी केशव यादव ने बताया कि बोलेरो रायकेरा की ओर से आ रही थी। लगभग डेढ़ सौ लोग विसर्जन जुलूस में शामिल थे। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और पूरे इलाके में अफरा तफरी का माहौल व्याप्त हो गया। आक्रोशित भीड़ ने चालक को मौके पर जमकर पिटाई कर दी जबकि बोलेरो में सवार अन्य लोग मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही जनपद उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता जनप्रतिनिधि शंकर गुप्ता और बगीचा एसडीओपी दिलीप कोसले व पुलिस की टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और मिलकर बचाव कार्य में जुट गए। कुछ घायलों को गांव के अन्य लोगों ने अपनी सुविधा से इलाज के लिए रवाना किया। घायलों को तत्काल 108 की मदद से बगीचा अस्पताल लाया गया। कांसाबेल,कुनकुरी, सन्ना समेत जिलों के अन्य अस्पतालों से 108 संजीवनी बुलाया गया और तत्काल घायलों को रेफर किया गया। एसडीओपी दिलीप कोसले, एसडीएम प्रदीप राठिया, तहसीलदार महेश्वर उइके और पुलिस बल मौके पर पहुंचकर राहत-बचाव में सक्रिय रहे, वहीं देर रात एक बजे एसएसपी शशि मोहन सिंह ने भी अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने बताया कि हादसे में लगभग दो दर्जन लोग घायल हुए हैं, जिनमें से कई की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जशपुर कलेक्टर रोहित व्यास देर रात दो बजे बगीचा अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने घायलों व मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

Uttarpradesh

## विदेश में नौकरी का झांसा देकर 4.5 लाख ठगे, रूस पहुंचाकर बिना खाने और आश्रय के छोड़ा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के दो लोगों से रूस में नौकरियों का वादा करके कथित तौर पर 4.5 लाख रुपये ठगे जाने का मामला सामने आया है. पुलिस ने मंगलवार को बताया कि बाद में पीड़ितों को बिना भोजन या आश्रय के रूस में फंसा दिया गया. 1 जुलाई को, दोनों पीड़ितों को पहले कजाकिस्तान भेजा गया और बाद में रूस के ओम्स्क ले जाया गया. यहां उन्हें यूं ही छोड़ दिया गया. एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'वहां न तो कोई नौकरी थी, न ही रहने की जगह और उन्हें कई दिनों तक बिना उचित भोजन और आश्रय के गुजारा करना पड़ा.' अधिकारी ने आगे कहा, 'आखिरकार, वे अपने परिवारों से संपर्क करने में कामयाब रहे, जिन्होंने उन्हें टिकट के लिए पैसे भेजे. दोनों 17 जुलाई को भारत लौट आए.' पुलिस ने बताया कि असली वर्क परमिट के बजाय, उन्हें कथित तौर पर रूस यात्रा के लिए पर्यटक वीजा दिया गया था. दिल्ली के बदरपुर निवासी निजामुद्दीन और उसके सहयोगी प्रेमचंद ने कथित तौर पर पीड़ितों को रूस स्थित एक कंपनी के फर्जी जॉब ऑफर का लालच दिया.

Uttarpradesh

## पुलिस पर लगा डकैती का आरोप! कानपुर में दारोगा-चौकी इंचार्ज पर उनके ही थाने में मुकदमा दर्ज

**कानपुर, (एजेंसी)** यूपी की कानपुर पुलिस एक बार फिर सुर्खियों में है. यहां चकेरी थाने के प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला, सनिगवां चौकी के पूर्व इंचार्ज अंकित खटाना, और बिल्डर योगी व धर्मेंद्र यादव के साथ-साथ करीब 40 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है. इन पर डकैती, जबरन घुसपैठ और तोड़फोड़ का आरोप है. इस पूरे कांड में पुलिसवालों की मिलीभगत उजागर हुई है, जिसने आम लोगों को हैरान कर दिया है.

दरअसल, मामला चंद्र नगर, लालबंगला की संगीता जायसवाल की जमीन से जुड़ा है. यह घटना 29 मार्च को हुई थी. आरोप है कि पुलिस बल ने जबरदस्ती दीवारें और दरवाजे तोड़कर संगीता की जमीन पर कब्जा किया. यह सब एक भूखंड के विवाद को लेकर हुआ जो पहले से ही अदालत में चल रहा था. विरोध करने पर पीड़िता के परिवार की पिटाई भी की गई. पीड़िता संगीता जायसवाल ने आरोप लगाया है कि पुलिस और बिल्डरों ने न केवल उनकी जमीन पर कब्जा किया, बल्कि उनके घर से कीमती सामान भी लूट लिया. उन्होंने कहा कि भूखंड पर उनके पति का करीब डेढ़ करोड़ रुपये का माल रखा था, जिसे ट्रकों से हटा दिया गया. इसके अलावा, भवन में रखे करीब 6 लाख रुपये के जेवर और अन्य सामान भी गायब कर दिए गए. चौंकाने वाली बात यह है कि घर से एक मवेशी भी उठा लिया गया. इस मामले पर डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने जानकारी दी है. उन्होंने बताया कि हाईकोर्ट की सुनवाई के बाद यह रिपोर्ट दर्ज की गई है. इस रिपोर्ट में थाना प्रभारी, तत्कालीन चौकी इंचार्ज और अन्य आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की सात अलग-अलग धाराओं में मुकदमा कायम किया गया है. इस घटना ने इलाके में हड़कंप मचा दिया है और पुलिस की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं.

खेल

# साउथ अफ्रीका ने 7 विकेट से जीता लीड्स वनडे

## इंग्लैंड 131 रन पर ऑलआउट महाराज-मुल्डर ने मिलकर 7 विकेट लिए, मार्करम की फिफ्टी

**लीड्स, (एजेंसी)** साउथ अफ्रीका ने इंग्लैंड को पहले वनडे में 7 विकेट से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। लीड्स के हेडिंग्ले स्टेडियम में पहले बैटिंग करने उतरी इंग्लिश टीम 131 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। साउथ अफ्रीका ने 20.5 ओवर में 3 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

इंग्लैंड ने 80 रन तक 2 ही विकेट गंवाए थे हेडिंग्ले स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। इंग्लैंड ने तीसरे ओवर में ही बेन डकेट का विकेट गंवा दिया। वे 5 रन बनाकर आउट हुए, उन्हें नांद्रे बर्गर ने कैच करा दिया। नंबर-3 पर उतरे जो रूट ने फिर जैमी स्मिथ के साथ टीम को 50 के करीब पहुंचा दिया।

रूट 17 रन बनाकर आउट हुए, उन्हें लुंगी एनगिडी ने विकेटकीपर रायन रिकेलटन के



हाथों कैच करा दिया। कप्तान हैरी ब्रूक ने फिर स्मिथ के साथ टीम को 100 के करीब पहुंचा दिया। टीम ने 80 रन तक 2 ही विकेट गंवाए थे, लेकिन फिर ब्रूक 12 रन बनाकर रन आउट हो गए।

जैमी स्मिथ के आउट होते ही बिखरी इंग्लिश टीम ओपनर स्मिथ ने फिफ्टी लगाई और जोस बटलर के साथ मिलकर टीम को 100 रन के पार पहुंचा दिया। स्मिथ 54 रन बनाकर आउट हुए, उन्हें वियान मुल्डर ने कैच कराया। स्मिथ के आउट होते ही इंग्लिश टीम बिखर गई। 101 रन के स्कोर पर इंग्लैंड ने 3 ही विकेट गंवाए थे। यहां से टीम ने 30 रन बनाने में आखिरी 7 विकेट गंवा दिए। विकेटकीपर जोस बटलर ने 15 रन बनाए, उनके बाद बाकी 6 बैटर्स 10 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सके। इंग्लिश टीम 24.3 ओवर ही बैटिंग कर सकी। महाराज ने 4 विकेट लिए साउथ अफ्रीका के लिए लेफ्ट आर्म स्पिनर केशव महाराज ने 22 रन देकर 4 विकेट लिए। यह इंग्लैंड के खिलाफ साउथ अफ्रीका के किसी स्पिनर का बेस्ट वनडे बॉलिंग फिगर है। मीडियम पेसर वियान मुल्डर ने 33 रन देकर 3 विकेट लिए। लेफ्ट आर्म पेसर नांद्रे बर्गर और राइट आर्म पेसर लुंगी एनगिडी को 1-1 विकेट मिला। कॉर्बिन बॉश कोई विकेट नहीं ले सके। एक बैटर रन आउट भी हुआ।

साउथ अफ्रीका की मजबूत शुरुआत 132 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका टीम की शुरुआत मजबूत रही। टीम ने इंग्लैंड से डेब्यू कर रहे सोनी बेकर के खिलाफ शुरुआती 3 ओवर में 44 रन बटोर लिए। हालांकि, दूसरे एंड पर जोफ्रा आर्चर ने जरूर किफायती बॉलिंग की, उन्होंने अपने 5 ओवर में महज 8 रन खर्च किए।

सिनेमा

## सोने की तस्करी के मामले में एक्ट्रेस रान्या राव पर बड़ी कार्रवाई



कन्नड़ फिल्म एक्ट्रेस रान्या राव पर सोने की तस्करी मामले में डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (DRI) ने 102 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है।DRI सूत्रों के अनुसार, सह-आरोपी तरुण कोंडराजु पर 63 करोड़ रुपए और ज्वैलर्स साहिल सकरिया जैन और भरत कुमार जैन पर 56-56 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया। PTI की खबर के मुताबिक, मंगलवार को DRI अधिकारी बेंगलुरु सेंट्रल जेल पहुंचे और प्रत्येक आरोपी को 250 पेज का नोटिस और 2,500 पेज का एनेक्सचर दिया। DRI सूत्र ने बताया, "11,000 पेज की डॉक्यूमेंटेशन तैयार करना बहुत मेहनत वाला काम था।" रान्या राव को 3 मार्च को दुबई से लौटते समय सोने के साथ पकड़ा गया था। उनको जुलाई में एक साल की जेल की सजा सुनाई गई थी। यह सजा विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी गतिविधियों की रोकथाम अधिनियम (COFEPOSA) के तहत सुनाई गई थी। मंगलवार को हाईकोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट ने अगली सुनवाई 11 सितंबर के लिए स्थगित कर दी है। बता दें कि जब जुलाई के महीने रान्या को सजा सुनाई गई थी, उन्हें सजा की पूरी अवधि के दौरान जमानत का अधिकार नहीं दिया था। इससे पहले 20 मई को बेंगलुरु की एक अदालत ने रान्या और सह-आरोपी तरुण कोंडराजु को प्रक्रिया संबंधी आधार पर डिफॉल्ट जमानत दी थी।

## Highlights

1. Don't ban The Bengal Files, you will salute it: Agnihotri to WB CM
2. India ready to welcome all investors: PM at Semicon India 2025
3. Banana vendor held with drugs worth ₹35 lakh near Bandra in Mumbai
4. Rape-accused AAP MLA from Punjab flees after firing gunshots at police in Haryana
5. Mistakes fintech founders in India must avoid

# Amid Trump's tariffs, Centre to ramp up MSP cotton buys to shield farmers

**NEW DEIHI, (Agency).** The Centre will ramp up purchases of cotton at federally-fixed minimum support prices or MSP to cushion farmers from falling local rates, following the government's decision to waive duty on imports of the fibre and beef up an apparel sector bracing for Trump's 50% tariff.



Already, farmers are battling price pressures because textile manufacturers prefer to import cheaper short-staple fibre because of higher domestic rates. One of the country's largest employers, the textile industry itself had been pleading the Union government for a duty reprieve due to falling margins and a knock-on impact of the pandemic.

The Centre, having to prop up the labour-intensive apparel industry on the one hand and cotton growers, on the other, has directed the state-run Cotton Corporation of India (CCI) to prepare for large purchases and buy as much quantities as growers bring to its procurement centres, an official said. Farmers tend to rely on the CCI for floor prices, whenever market prices crash. On August 28, India extended its 11% import-duty exemption, which includes an agricultural cess, on cotton import till the end of December. The tax break was initially applicable between August 19 and September 31. By temporarily halting the levies, the government aims to stabilise inflation in products, such as finished garments, ease a raw-material crisis and protect small and medium enterprises, a statement on August 19 official said. "We are ready to buy as much as farmers want us to and the CCI is there to help cotton growers," Lalit Kumar Gupta, managing director, CCI. For the 2025–26 season, the Centre has set an MSP for the popular medium-staple cotton at ₹7,710 per quintal (100 kg), up ₹589 from the previous year. Importers say the landed costs of fibre sourced from abroad are between ₹5000-6200 per 100 kg.

# BSNL, OTTplay launch premium packs with 300+ live TV channels

**NEW DEIHI, (Agency).** Sw Bharat Sanchar Nigam Ltd. has partnered with OTT aggregator OTTplay to launch premium mobile entertainment packs, offering subscribers access to leading OTT platforms and over 300 live TV channels.

The move comes months after BSNL's free rollout of BiTV services in January, which attracted strong user engagement and spurred demand for premium content. With this new initiative, BSNL aims to strengthen its digital services portfolio and expand its entertainment offerings beyond connectivity.




The packs, powered by OTTplay's AI-driven content discovery platform, will deliver curated access to movies, TV shows, sports, news, and regional programming. The service is designed to reach customers nationwide, including in Tier 2 and Tier 3 cities, where BSNL's presence remains strong.

BSNL's Chairman and Managing Director Robert J Ravi said the collaboration underscores the company's focus on delivering more value to mobile subscribers. "Our new premium content packs, in collaboration with OTTplay, bring together the best of OTT and live television in one affordable offering, giving our mobile users an unmatched entertainment destination," he said. BSNL Director Sandeep Govil highlighted the emphasis on convenience through flexible payment options and seamless access via the BSNL Self Care App and popular digital wallets such as Google Pay and PhonePe. Avinash Mudaliar, coounder and CEO at OTTplay, said the partnership is aimed at bridging the digital divide by making premium streaming content more accessible.

# एमवाय अस्पताल में दो नर्सिंग ऑफिसर सस्पेंड

## ◆ नर्सिंग सुपरिटेंडेंट को हटाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एमवाय अस्पताल में चूहों ने जिन दो नवजात शिशुओं के हाथ कुतरे थे, उनमें से एक की मंगलवार को मौत हो गई है। हालांकि अस्पताल प्रबंधन ने चूहे के काटने के कारण मौत होने की बात से इनकार किया है।**



डॉक्टर के अनुसार, बच्चे की मौत का कारण सेप्टीसीमिया (इंफेक्शन) बताया जा रहा है। दूसरा बच्चे का पेट का ऑपरेशन किया गया है। वह अभी स्थिर है और वेंटिलेटर पर है और उसकी हालत अभी ठीक है। डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया के मुताबिक नवजात का वजन 1.2 किलो ही था। जबकि हीमोग्लोबिन बहुत कम था। उसे सर्जिकल संबंधी काफी तकलीफ थी। डीन ने स्पष्ट किया कि उसकी मौत का कारण चूहे का काटना नहीं है। यह वही बच्चा है, जिसके परिजन उसे छोड़कर चले गए थे। इधर, इस मामले में दो नर्सिंग ऑफिसर को सस्पेंड कर दिया गया है। नर्सिंग सुपरिटेंडेंट को भी हटा दिया है। प्रभारी समेत कई लोगों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इंदौर के एमवाय अस्पताल के NICU में चूहों ने दो नवजातों के हाथ कुतर दिए थे। दोनों को दो-तीन पहले जन्म के तुरंत बाद NICU में शिफ्ट किया गया था। रविवार को जब नवजात को चूहे ने काटा था तो डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू कर दिया था। सोमवार को दूसरी घटना के बाद स्टाफ ने सीनियरों को सूचना दी। दरअसल, पूरे अस्पताल में ही चूहों की भरमार है। बताया जाता है कि इसमें NICU में तो एक बड़ा चूहा कई दिनों से सक्रिय है। खुद स्टाफ उसे देखकर सहम जाते हैं।

## फोटो स्टूडियो और गिफ्ट शॉप में आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। द्वारकापुरी इलाके में सोमवार देर रात एक फोटो स्टूडियो और गिफ्ट गैलरी की दुकान में भीषण आग लग गई। आगजनी में स्टूडियो का पूरा सेटअप, कैमरे और गिफ्ट आइटम जलकर खाक हो गए। आग से लाखों रुपए का नुकसान होने की आशंका है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, आग लगने के काफी देर बाद भी फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर नहीं पहुंचीं। करीब एक घंटे तक लोगों ने खुद ही आग पर काबू पाने की कोशिश की। इस दौरान द्वारकापुरी पुलिस और स्थानीय रहवासी मिलकर दुकान का शटर तोड़कर सामान बाहर निकालने में जुटे रहे। द्वारकापुरी पुलिस के मुताबिक, घटना अंकल गली, 60 फीट रोड पर स्थित एसआर स्टूडियो और पर्सनालिस्ट गिफ्ट सेंटर की है। आग लगते ही दुकान से धुआं निकलने लगा, जिससे आसपास अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर टीआई सुशील पटेल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से बोरिंग से पानी डालकर आग पर काबू पाया।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक